# एनआईआरएफ रैंकिंग 2022

## प्रिलिम्स के लिये:

उच्च शिक्षा संस्थान, शिक्षा मंत्रालय

## मेन्स के लिये:

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क, सरकारी नीतियाँ और हस्तक्षेप

हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने [राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF),](https://www.drishtiias.com) **रैंकिंग 2022 का 7वाँ संस्करण जारी किया है।**

## राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क:

- **लॉन्च:** 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' (NIRF) को सितंबर 2015 में शिक्षा मंत्रालय (तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा अनुमोदित किया गया था।
    - यह देश में **उच्च शिक्षण संस्थानों (HEI) को** रैंक प्रदान करने के लिये भारत सरकार का पहला प्रयास है।
    - वर्ष 2018 में देश भर के सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों के लिये 'राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क' में हिस्सा लेना अनिवार्य कर दिया गया था।
- **पाँच मापदंडों पर मूल्यांकन:**
    - शिक्षण, शिक्षा और संसाधन (Teaching, Learning and Resources-TLR)
    - अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास (Research and Professional Practices-RP)
    - स्नातक परिणाम (Graduation Outcomes-GO)
    - आउटरीच और समावेशिता (Outreach and Inclusivity-OI)
    - समकक्ष अनुभूति (Peer Perception)
- **श्रेणियाँ:** कुल 11 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ संस्थानों को सूचीबद्ध किया गया है- समग्र राष्ट्रीय रैंकिंग, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग, कॉलेज, चिकित्सा, प्रबंधन, फार्मेसी, विधि, वास्तुकला, दंत चिकित्सा और अनुसंधान।
- **लॉन्च करने का कारण:** **[क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग](https://www.drishtiias.com)** और **टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग** द्वारा विकसित रैंकिंग पद्धति में व्यक्तिपरकता ने भारत को शंघाई रैंकिंग की तर्ज पर भारतीय HEI के लिये अपनी रैंकिंग प्रणाली शुरू करने हेतु प्रेरित किया।
    - NIRF की दीर्घकालिक योजना इसे अंतर्राष्ट्रीय लीग टेबल (International League Table) बनाने की है।
- **वर्ष 2022 में भाग लेने वाले संस्थानों की संख्या:** NIRF रैंकिंग में 7,000 से अधिक संस्थानों ने भाग लिया।

## रैंकिंग 2022 की मुख्य विशेषताएँ:

- समग्र रूप से IIT-मद्रास, IISc- बंगलूरू और IIT-बॉम्बे देश के शीर्ष तीन उच्च शिक्षा संस्थान हैं।
- **विश्वविद्यालय:** IISc- बंगलूरू विश्वविद्यालय की श्रेणी में सबसे ऊपर है।
- **कॉलेज:** मिरांडा कॉलेज ने लगातार छठे वर्ष कॉलेजों में पहला स्थान बरकरार रखा है, उसके बाद हिंदू कॉलेज, दिल्ली और प्रेसीडेंसी कॉलेज चेन्नई का स्थान है।
- **अनुसंधान संस्थान:** IISc- बंगलूरू को IIT- मद्रास के बाद सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान का दर्जा दिया गया है।
- **इंजीनियरिंग:** इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी-मद्रास नंबर वन पर रहा है।
- **प्रबंधन**: भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM), अहमदाबाद को प्रबंधन के क्षेत्र में पहला तथा IIM-बंगलूरू को दूसरा स्थान मिला है।
- **चिकित्सा**: अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली लगातार पाँचवें वर्ष चिकित्सा में शीर्ष स्थान पर रहा है।
- **फार्मेसी**: जामिया हमदर्द फार्मेसी के क्षेत्र में लगातार चौथी बार सूची में सबसे ऊपर है।
- **आर्किटेक्चर**: IIT रुड़की आर्किटेक्चर में दूसरी बार शीर्ष स्थान पर रहा है।
- **कानून (लॉ)**: नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी, बंगलूरू ने लगातार पाँचवें वर्ष कानून में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है।
- **डेंटल**: सविता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एंड टेक्निकल साइंसेज़, चेन्नई को पहली रैंक मिली है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nirf-rankings-2022